cmyk

लखनऊ, कानपुर और दिल्ली से प्रकाशित

प्रकाशन का 73वां वर्ष

स्वतंत्र भारत

लखनऊ
शुक्रवार, 13 सितम्बर 2019 ई.
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष 15
सं. 2076 वि.

epaper: swatantrabharat.net

वर्ष 73 | अंक 27 | नगर संस्करण | पृष्ठ 12 | मूल्य 3.00 रुपये

यत्र-तत्र

ममता की चेतावनी, एनआरसी के नाम पर आग से न खेले भाजपा

असेस्मेंट सेंटर का उद्घाटन

लखनऊ। प्रोफेशनल डिग्री के बाद भी अक्सर इंग्लिश बच्चों की तरक्की की राह में बाधा बन जाती है। कैम्ब्रिज इंग्लिश असेस्मेंट सेंटर एक ऐसी संस्था है जो बच्चों को इस बाधा से बाहर निकलने का मार्ग दिखाती है। एस.एम.एस. लखनऊ ने इस संस्था के साथ हाथ मिला कर इनका असेस्मेंट सेंटर अपने कैम्पस में शुरू किया है। ये बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिये एक दूरगामी कदम है। आज दिनांक 12 सितम्बर, 2019 को असेस्मेंट सेंटर का उद्घाटन हुआ, जिसमें संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों के बारे में बताया। कैम्ब्रिज इंग्लिश असेस्मेंट सेंटर के टीके अरूणाचलम (रीजनल डायरेक्टर, साउथ एशिया) ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए बताया कि इंग्लिश भाषा हमारे व्यक्तित्व में बहुत ही सकारात्मक प्रभाव डालती है और यह भी कहा कि हम अभ्यास से ही इंग्लिश भाषा को प्रभावशाली ढंग से इस्तेमाल कर सकते हैं स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईंसेज, लखनऊ के निदेशक प्रो मनोज मेहरोत्रा ने बताया यह सेंटर उप्र का पहला है। साथ में छात्रों को इंग्लिश भाषा का महत्व समझाते हुए कहा कि इंग्लिश एक ऐसी भाषा है जो पूरी दुनिया में ग्लोबल लैंग्वेज की तरह से ली जाती है। संस्था के डायरेक्टर जनरल (तकनीकी) प्रो भरतराज सिंह ने प्रतिनिधियों को संस्थान के अलग-अलग शोध केन्द्रों के बारे में कहा कि हम अपने शोध कार्यों से छात्रों एवं समाज को लाभान्वित करते हैं। इस प्रकार कैम्ब्रिज इंग्लिश असेस्मेंट सेंटर का उद्घाटन एस.एम.एस. लखनऊ में किया गया।